7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर | दिल्ली | हरियाणा | पंजाब | चंडीगढ़



अमर उजाला

छठ पर्व की शुभकामनाएं

amarujala.com

राजधानी •
वर्ष 15 | अंक 197 | पृष्ठ : 20
मूल्य : तीन रुपये

नई दिल्ली
बृहस्पतिवार, 26 अक्तूबर 2017

# यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे श्रीकृष्ण की सबसे ऊंची मूर्ति



यमुना सिटी में ऐसी मूर्ति बनेगी।

**अमर उजाला**

ग्रेटर नोएडा।

यमुना एक्सप्रेसवे से सटी गौड़ सिटी में भगवान श्रीकृष्ण की 120 फुट से भी ज्यादा ऊंची मूर्ति बनने जा रही है। गौड़ संस के एमडी मनोज गौड़ ने बताया कि इस मूर्ति को जयपुर के मूर्तिकार बनाएंगे। इसकी नींव बृहस्पतिवार को सुबह करीब 11 बजे विधिविधान के साथ रखी जाएगी। मनोज गौड़ खुद भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसे बनाने में करीब दो करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसका पूरा खर्च गौड़ संस कंपनी वहन करेगी। उन्होंने एनसीआर में श्रीकृष्ण की सबसे ऊंची मूर्ति होने की बात कही। परी चौक से लेकर लखनऊ तक श्रीकृष्ण की इतनी ऊंची मूर्ति नहीं है। मनोज गौड़ कहते हैं कि यमुना सिटी की पहचान के लिए इससे अच्छा तरीका और कुछ नहीं हो सकता था। बता दें कि यमुना प्राधिकरण भी सेक्टर 17ए के पास प्रवेश द्वार बनवाने की तैयारी कर रहा है। 60 मीटर रोड पर इस गेट को बनवाने में करीब पांच करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन है। इसके लिए कंसलटेंट के चयन की प्रक्रिया चल रही है। दूसरी तरफ मथुरा- वृंदावन को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने का फैसला प्रदेश सरकार पहले ही ले चुकी है।

देश का विश्वसनीय अखबार

# दैनिक भास्कर

नोएडा | वर्ष-8, अंक-126 | शुक्रवार, 27 अक्टूबर 2017 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य 3.00 रु

बिना आधार कार्ड भी गरीबों को दें राशन पेज 11

फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में सिंधू पेज 14 »





# बनेगी श्री कृष्ण की 135 फीट ऊंची मूर्ति

**ग्रेटर नॉएडा :** यमुना एक्सप्रेसवे स्थित गौर यमुना सिटी में कृष्ण भगवान की सबसे ऊंची मूर्ति बनेगी। यह मूर्ति पूरे भारत की सबसे ऊंची मूर्ति होगी । करीब 3 करोड़ 50 लाख की लागत से बनने वाली मूर्ति का गुरुवार को भूमि पूजन किया गया। इस मूर्ति को बनने में करीब डेढ़ का साल वक़्त लगेगा, जिसकी जमीन से ऊंचाई 135 फीट होगी।

गौरतलब है कि कृष्ण भगवान की अभी तक जितनी भी बड़ी प्रतिमाएं हैं वे मथुरा व वृंदावन में हैं और उनके दर्शन के लिए हर साल लाखों अनुयायी यमुना एक्सप्रेसवे से होकर गुजरते हैं। इस मूर्ति के बनने से न केवल क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी, बल्कि यमुना एक्सप्रेस से जुड़े क्षेत्र भी भक्तिमय हो जाएंगे। भगवान कृष्ण की मूर्ति का निर्माण जयपुर के मशहूर मूर्तिकार विष्णु शर्मा करेगें, जिसके साथ में दो पूजा हॉल का निर्माण भी किया जाएगा। मूर्ति समेत मंदिर परिसर का निर्माण 1000 स्क्वायर मीटर में किया जाएगा और जिससे बनने में करीब डेढ़ साल लगेगा।

इस मूर्ति को बनाने का पूरा खर्च गौर्स ग्रुप करेगा। इस बारे में गौर्स ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज गौड़ का कहना है कि गौर यमुना सिटी में भगवान श्री कृष्ण की 135 फीट उंची मूर्ति का बनना सभी के लिए गर्व की बात है और इसके साथ ही आने वाले समय में गौर यमुना सिटी में रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी।

नवोदय NAVODAYA TIMES टाइम्स



'मुल्क' में ऋषि के साथ एक बार फिर नजर आएंगी तापसी 16



ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 4-3 से हराया 14



# गौर यमुना सिटी में बनेगी भगवान श्री कृष्ण की 135 फीट ऊंची मूर्ति





*प्रस्तावित भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति और मूर्ति व मंदिर के लिए भूमि पूजन करते गौर संस के निदेशक मनोज गौड़।*

ग्रेटर नोएडा, 26 अक्तूबर (ब्यूरो): यमुना एक्सप्रेस-वे स्थित गौर यमुना सिटी में कृष्ण भगवान की सबसे ऊंची मूर्ति बनने जा रही है। दावा किया जा रहा है कि मूर्ति यूपी वेस्ट की ही नहीं पूरे भारत की सबसे ऊंची श्री कृष्ण की मूर्ति होगी। यह मूर्ति डेढ़ साल में बन कर तैयार होगी। इस मूर्ति की जमीन से ऊंचाई 135 फीट होगी।

इसको बनाने में करीब 3 करोड़ 50 लाख की लागत आयेगी। इस मूर्ति व मंदिर परिसर के लिए प्रस्तावित स्थल का वीरवार को गौर यमुना सिटी में भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के बाद गौर्स ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज गौड़ ने बताया कि कृष्ण भगवान की अभी तक जितनी भी बड़ी प्रतिमाएं हैं वह मथुरा और वृंदावन में हैं और उनके दर्शन के लिये हर साल लाखों भक्त यमुना एक्सप्रेस-वे से होकर गुजरते हैं।

# गौर यमुना सिटी में बनेगी भगवान श्री कृष्ण की 135 फीट ऊँची मूर्ति

ग्रेटर नोएडा ( संवाददाता )।

यमुना एक्सप्रेस-वे स्थित गौर यमुना सिटी में कृष्ण भगवान की सबसे ऊँची मूर्ति बनने जा रही है । यह मूर्ति यूपी वेस्ट की ही नहीं पूरे भारत की सबसे ऊँची श्री कृष्ण की मूर्ति होगी। करीब 3 करोड़ 50 लाख की लागत से बनने वाली मूर्ति का गुरुवार को भूमि पूजन किया गया। इस मूर्ति को बनने में करीब डेढ़ का साल वक्त लगेगा जिसकी जमीन से ऊँचाई 135 फीट होगी। गौरतलब है कि कृष्ण भगवान की अभी तक जितनी भी बड़ी प्रतिमाएं हैं वो मथुरा और विरंदावन में हैं और उनके दर्शन के लिये हर साल लाखों अनुयायी यमुना एक्सप्रेस-वे से होकर गुजरते हैं । इस मूर्ति के बनने से ना केवल क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी बल्कि यमुना एक्सप्रेस से जुड़े क्षेत्र भी भक्तिमय हो जायेगें और इसके साथ ही



दिल्ली-एनसीआर के गौर यमुना सिटी में बन रही भगवान श्री कृष्ण की 135 फीट ऊँची मूर्ति पूरे भारत में कृष्ण भगवान की सबसे ऊँची मूर्ति बन जाएगी। इस मूर्ति का निर्माण जयपुर के मशहूर मूर्तिकार विष्णु शर्मा करेगें जिसके साथ में दो पूजा हॉल का निर्माण भी किया जायेगा । मूर्ति समेत मंदिर परिसर का निर्माण 1000 स्क्वायर मीटर में किया जायेगा और जिससे बनने में करीब डेढ़ साल लगेगा । इस मूर्ति को बनाने का पूरा खर्च गौर्स ग्रुप करेगा। इस बारे में गौर्स ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज गौड़ का कहना है कि गौड़ यमुना सिटी में भगवान श्री कृष्ण की 135 फीट ऊँची मूर्ति का बनना सभी के लिये गर्व की बात है और इसके साथ ही गौर यमुना सिटी से कृष्ण भगवान का नाम जुड़ जायेगा जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और पवित्रा के रंग में रंग जायेगा।

YOUNG INDIA > YOUNG PAPER
NBT
नवभारत टाइम्स


उगते सूर्य को अर्घ्य आज


अवैध निर्माण पर अमिताभ को नोटिस
GhaziabadTimes


गाजियाबाद > शुक्रवार, 27 अक्टूबर 2017 > कार्तिक 5 शक 1939 कार्तिक शुक्ल 7 विक्रम 2074 पेज 22* > मूल्य 3.00 या 7.00 रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in



# यमुना सिटी में बनेगी श्रीकृष्ण की 135 फुट ऊंची प्रतिमा

■ **एस, यमुना सिटी :** यमुना एक्सप्रेसवे के नजदीक स्थित गौड़ यमुना सिटी में कृष्ण भगवान की सबसे ऊंची प्रतिमा बनने जा रही है। दावा किया जा रहा है यह यूपी वेस्ट की ही नहीं बल्कि भारत की सबसे ऊंची भगवान कृष्ण की प्रतिमा होगी। करीब 3 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली प्रतिमा के लिए गुरुवार को भूमि पूजन किया गया। इसे तैयार होने में करीब डेढ़ साल लगेंगे। इस बारे में गौड़ ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज गौड़ का कहना है कि भगवान श्री कृष्ण की अब तक जितनी भी बड़ी प्रतिमाएं हैं, वे मथुरा में हैं। इस प्रतिमा के बनने से क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी।

7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर | दिल्ली | हरियाणा | पंजाब | चंडीगढ़



अमर उजाला

छठ पर्व की शुभकामनाएं

amarujala.com

राजधानी • वर्ष 15 | अंक 197 | पृष्ठ : 20
मूल्य : तीन रुपये

नई दिल्ली
बृहस्पतिवार, 26 अक्तूबर 2017

# यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे श्रीकृष्ण की सबसे ऊंची मूर्ति



यमुना सिटी में ऐसी मूर्ति बनेगी।

**अमर उजाला**

ग्रेटर नोएडा।

यमुना एक्सप्रेसवे से सटी गौड़ सिटी में भगवान श्रीकृष्ण की 120 फुट से भी ज्यादा ऊंची मूर्ति बनने जा रही है। गौड़ संस के एमडी मनोज गौड़ ने बताया कि इस मूर्ति को जयपुर के मूर्तिकार बनाएंगे। इसकी नींव बृहस्पतिवार को सुबह करीब 11 बजे विधिविधान के साथ रखी जाएगी। मनोज गौड़ खुद भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसे बनाने में करीब दो करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसका पूरा खर्च गौड़ संस कंपनी वहन करेगी। उन्होंने एनसीआर में श्रीकृष्ण की सबसे ऊंची मूर्ति होने की बात कही। परी चौक से लेकर लखनऊ तक श्रीकृष्ण की इतनी ऊंची मूर्ति नहीं है। मनोज गौड़ कहते हैं कि यमुना सिटी की पहचान के लिए इससे अच्छा तरीका और कुछ नहीं हो सकता था। बता दें कि यमुना प्राधिकरण भी सेक्टर 17ए के पास प्रवेश द्वार बनवाने की तैयारी कर रहा है। 60 मीटर रोड पर इस गेट को बनवाने में करीब पांच करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन है। इसके लिए कंसलटेंट के चयन की प्रक्रिया चल रही है। दूसरी तरफ मथुरा- वृंदावन को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने का फैसला प्रदेश सरकार पहले ही ले चुकी है।